भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 145
उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025
सोमवार, 10 अग्रहायण, 1947 (शक)

वारंगल में कौशल विकास केंद्र

145. डॉ. कडियम काव्यः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत वारंगल में संचालित अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सहित कौशल विकास केंद्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुसूचित जातियों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है, जिसमें आरक्षण और प्रमाणन दर भी शामिल हैं;

(ग) प्रशिक्षुता और कार्यस्थल पर प्रशिक्षण के लिए उद्योग साझेदारी का व्यौरा क्या है; और

(घ) रोजगार परिणामों जैसे प्लेसमेंट प्रतिशत और वेतन वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत, इसकी स्थापना के बाद से, तेलंगाना के वारंगल जिले में कुल 08 प्रशिक्षण केंद्रों को सूचीबद्ध किया गया है। हालाँकि, वर्तमान में वारंगल में पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत कोई परिचालन केंद्र नहीं है।

(ख) पीएमकेवीवाई एक मांग आधारित स्कीम है जो अनुसूचित जाति और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लिए सुलभ है। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत विशेष रूप से महिलाओं और अनुसूचित जाति को प्रशिक्षण प्रदान करने में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

पीएमकेवीवाई के विभिन्न चरणों के तहत तेलंगाना के वारंगल जिले में महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों की प्रमाणन दर इस प्रकार है:

श्रेणी	प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त	प्रमाणित
अनुसूचित जाति	4,592	3,499 (76%)
महिला	12,461	10,021 (80%)

(ग) उद्योग जुड़ाव पीएमकेवीवाई कार्यान्वयन का एक मुख्य पहलू है जो यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवारों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए शिक्षुता और ऑन-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुलभ हैं। प्रशिक्षण प्रदाता औपचारिक संपर्क बनाने के लिए नजदीकी एमएसएमई, उद्योग संघों और कॉर्पोरेट नियोक्ताओं के साथ सहयोग करते हैं। ये प्रयास एक मजबूत कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र बनाते हैं, जो उद्योग की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी होते हैं और युवा रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाते हैं।

(घ) पीएमकेवीवाई योजना के तहत, वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक लागू योजना के पहले तीन संस्करणों-पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 में अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में प्लेसमेंट को ट्रैक किया गया था।पीएमकेवीवाई के इन संस्करणों में, वारंगल जिले में एसटीटी में प्रमाणित 15,398 उम्मीदवारों में से, 6322 उम्मीदवारों की प्लेसमेंट की सूचना दी गई है जिससे कुल प्लेसमेंट दर 41%बनती है।

पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, जो वित्त वर्ष 2022-23 से कार्यान्वयन के अधीन है, हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवारों को ओजेटी के माध्यम से अपने विविध कैरियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है और वे इसके लिए उपयुक्त रूप से अभिविन्यस्त हैं।

******